## मराठा राज्य (1674ई.–1720ई.) व मराठा राज्य संघ (1720 ई.–1818 ई.)

1. मराठों ने सर्वप्रथम किसके अधीन कार्य कर प्रशासनिक अनुभव प्राप्त किया ?
(अ) देवगिरि के यादवों के अधीन
(ब) बहमनी सल्तनत के अधीन
(स) अहमदनगर, बीजापुर व गोलकुण्डा के अधीन
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
व्याख्या:– मराठों ने सर्वप्रथम देवगिरि के यादवों के अधीन कार्य कर प्रशासनिक अनुभव प्राप्त किया। देवगिरि के यादव भारत का एक राजवंश था जिसने अपने चरमोत्कर्ष काल में तुंगभद्रा से लेकर नर्मदा तक के भू–भाग पर शासन किया जिसमें वर्तमान महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, मध्य प्रदेश के कुछ भाग शामिल थे। मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी थे। शिवाजी के पिता का नाम शाहजी भोंसले और माता का नाम जीजाबाई था। शिवाजी के गुरु कोण्डदेव थे।

2. मराठों के 'गुरिल्ला युद्ध प्रणाली/छापामार युद्ध प्रणाली' का सबसे पहले और सबसे अधिक उपयोग किसने किया ?
(अ) मलिक अम्बर ने (ब) शाहजहाँ ने
(स) जहाँगीर ने (द) औरंगजेब ने
उत्तर : (अ)

3. निम्नलिखित में से गुरिल्ला युद्ध का पथ–प्रदर्शक कौन था ?
(अ) औरंगजेब (ब) अकबर
(स) शिवाजी महाराज (द) बालाजी
उत्तर : (स) SSC 2002

4. शिवाजी महाराज के प्रशासन में 'पेशवा' कहा जाता था–
(अ) धार्मिक मामलों के मंत्री को
(ब) रक्षा मंत्री को
(स) प्रधानमंत्री को
(द) न्यायमंत्री को
उत्तर : (स) SSC 2004

5. 'चौथ' क्या था ?
(अ) औरंगजेब द्वारा लगाया गया एक धार्मिक कर
(ब) शिवाजी महाराज द्वारा लगाया गया एक मार्ग कर
(स) अकबर द्वारा वसूल किया जाने वाला सिंचाई कर
(द) पड़ौसी राज्यों पर शिवाजी महाराज द्वारा लगाया गया भूमि कर
उत्तर : (द) SSC 2001

6. मराठा राज्य का दूसरा संस्थापक किसे कहा जाता है ?
(अ) राजाराम (ब) बालाजी विश्वनाथ
(स) बाजीराव प्रथम (द) बालाजी बाजीराव
उत्तर : (ब) SSC 2001

7. निम्नलिखित यूरोपीय शक्तियों में किसने शिवाजी महाराज को तोपें प्रदान की ?
(अ) पुर्तगाली (ब) डच
(स) अंग्रेज (द) फ्रांसीसी
उत्तर : (स) SSC 2000

8. शिवाजी महाराज ने मुगलों को किस संधि के द्वारा किलों को हस्तांतरित किया ?
(अ) चित्तौड़ की संधि (ब) पुणे की संधि
(स) पुरंदर की संधि (द) तोरण की संधि
उत्तर : (स) SSC 1999, NDA 2000

9. शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक कहाँ हुआ था ?
(अ) रायगढ़ (ब) कालानौर
(स) रायचूर (द) आगरा
उत्तर : (अ) RRB 2003

10. किसके शासनकाल में मराठा प्रमुख शम्भाजी की हत्या कर दी गई थी ?
(अ) औरंगजेब (ब) शाहजहाँ
(स) जहाँगीर (द) अकबर
उत्तर : (अ) RRB 2005

11. शिवाजी महाराज के साम्राज्य की राजधानी कहाँ थी ?
(अ) पुणे (ब) रायगढ़
(स) कारवाड़ (द) पुरन्दर
उत्तर : (ब) RRB 2003

12. पानीपत की तीसरी लड़ाई (1761 ई.) किनके बीच हुई थी ?
(अ) पेशवा बाजीराव II और अहमदशाही अब्दाली
(ब) बाबर और इब्राहिम लोदी
(स) अकबर और हेमू
(द) औरंगजेब और तैमूर
उत्तर : (अ) RRB 2005

13. शिवाजी महाराज सर्वाधिक प्रभावित थे–
(अ) मीराबाई से (ब) हजरत महल से
(स) जीजाबाई से (द) चाँद बीबी से
उत्तर : (स) RRB 2003

14. 'अष्टप्रधान मंत्रिपरिषद' किस शासक के शासनकाल में थी ?
(अ) टीपू सुल्तान (ब) अकबर
(स) शिवाजी महाराज (द) कृष्णदेव राय
उत्तर : (स) RRB 2003

www.rajstudents.com

15. शिवाजी महाराज के राजनीतिक गुरु एवं संरक्षक कौन थे ?
(अ) समर्थ रामदास (ब) शाहजी भोंसले
(स) दादाजी कोण्डदेव (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

16. लॉर्ड वेलेजली की सहायक संधि को स्वीकार करने वाला पहला मराठा सरदार था–
(अ) पेशवा बाजीराव II (ब) रघुजी भोंसले
(स) दौलतराव सिंधिया (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) BPSC 1996

17. शिवाजी महाराज को कर्मदर्शन का उपदेश देने वाले एवं शिवाजी महाराज के पुत्र शम्भाजी को मराठों को संगठित करने और महाराष्ट्र धर्म को प्रचारित करने का उपेदश देने वाले मराठा संत थे–
(अ) समर्थ रामदास (ब) तुकाराम
(स) एकनाथ (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

18. 'दास बोध' के रचनाकार है–
(अ) तुलसीदास (ब) सूरदास
(स) कबीरदास (द) समर्थ रामदास
उत्तर : (द)

19. शिवाजी महाराज मुगलों की कैद से भागने के समय कौन से नगर में कैद थे ?
(अ) ग्वालियर (ब) आगरा
(स) दिल्ली (द) कानपुर
उत्तर : (ब) MPPSC 2005

20. ग्वालियर राज्य की स्थापना किसने की थी ?
(अ) माधव राव सिंधिया (ब) बाजीराव सिंधिया
(स) जीवाजीराव सिंधिया (द) महादजी सिंधिया
उत्तर : (द) MPPSC 2005

21. वह कौन सेनानायक था जिसे बीजापुर के सुल्तान ने 1659 में शिवाजी महाराज को जिंदा या मुर्दा पकड़कर लाने के लिए भेजा था ?
(अ) इनायत खाँ (ब) अफजल खाँ
(स) शाइस्ता खाँ (द) सैय्यद बांदा
उत्तर : (ब) UPPCS 1999

22. एक इतिहासकार ने पानीपत की तीसरी लड़ाई को स्वयं देखा, वह कौन था ?
(अ) खफी खान (ब) काशीराज पंडित
(स) दत्ताजी पिंगले (द) हरचरण दास
उत्तर : (ब)

23. शिवाजी महाराज औरंगजेब के आगरा दरबार में कब उपस्थित हुए ?
(अ) 1665 ई. में (ब) 1666 ई. में
(स) 1667 ई. में (द) 1664 ई. में
उत्तर : (ब) UPPSC 2000

24. 'सरंजामी' प्रथा किससे संबंधित थी ?
(अ) मराठा भू–राजस्व व्यवस्था
(ब) तालुकदारी प्रथा
(स) कुतुबशाही प्रषासन
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) BPSC 1994

25. शिवाजी महाराज द्वारा दुर्गों पर किये गये अधिकार का सही क्रम है–
(अ) सिंहगढ़/कोण्डाना–तोरण–पुरन्दर–रायगढ़
(ब) तोरण–सिंहगढ़/कोण्डाना–पुरन्दर–रायगढ़
(स) पुरन्दर–सिंहगढ़/कोण्डाना–तोरण–रायगढ़
(द) रायगढ़–सिंहगढ़/कोण्डाना–तोरण–पुरन्दर
उत्तर : (अ)

26. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. शाहजी भोंसले
B. जीजाबाई
C. समर्थ रामदास
D. दादाजी कोंडदेव
सूची–II
1. शिवाजी महाराज के पिता
2. शिवाजी महाराज की माता
3. शिवाजी महाराज की आध्यात्मिक गुरु
4. शिवाजी महाराज के संरक्षक
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

27. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (घटना)
A. बीजापुर के सरदार अफजल खाँ की हत्या
B. दक्कन के मुगल सुबेदार शाइस्ता खाँ पर पुणे में हमला
C. सूरत की प्रथम लूट
D. सूरत की दूसरी लूट
सूची–II (वर्ष)
1. 1659
2. 1663
3. 1664
4. 1670
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

28. शिवाजी महाराज का जन्म कहाँ हुआ था ?
(अ) शिवनेर के दुर्ग में (ब) रायगढ़ दुर्ग में
(स) पन्हाला दुर्ग में (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

29. शम्भाजी के बाद मराठा शासन को निम्नलिखित में से किसने सरल और कारगर बनाया ?
(अ) राजाराम (ब) बालाजी विश्वनाथ
(स) गंगाबाई (द) नानाजी देशमुख
उत्तर : (ब) UPPSC 2000

30. शिवाजी महाराज के 'अष्टप्रधान' का जो सदस्य विदेशी मामलों की देखरेख करता था, वह था–
(अ) पेशवा (ब) सचिव
(स) पंडित राव (द) सुमन्त
उत्तर : (द)

31. शिवाजी महाराज के 'अष्टप्रधान' का जो सदस्य विदेशी मामलों की देख–रेख करता था, वह था–
(अ) पशेवा (ब) सचिव
(स) पंडित राव (द) सुमन्त
उत्तर : (द)

32. शिवाजी महाराज को 'राजा' की उपाधि किसने प्रदान की थी ?
(अ) बीजापुर के शासक ने
(ब) अहमदनगर के शासक ने
(स) औरंगजेब ने
(द) महाराजा जयसिंह ने
उत्तर : (स)

33. शिवाजी महाराज ने कब 'छत्रपति' की उपाधि धारण कर अपना राज्याभिषेक करवाया ?
(अ) अप्रैल, 1665 (ब) जून, 1675
(स) अप्रैल, 1680 (द) जून, 1674
उत्तर : (द)

34. काशी के किस प्रसिद्ध विद्वान ने शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक करवाया ?
(अ) श्री विश्वेश्वरजी गंगाभट्ट
(ब) गुरु रामदास
(स) श्री विश्वनाथ शर्मा
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

35. 'सर–ए–नौवत' का अर्थ था–
(अ) सेनापति (ब) धर्म मंत्री
(स) विदेश मंत्री (द) गृह मंत्री
उत्तर : (अ)

36. शिवाजी महाराज को 'पहाड़ी चूहा' व 'साहसी डाकू' की संज्ञा किसने दी ?
(अ) जयसिंह (ब) अफजल खाँ
(स) औरंगजेब (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

37. शिवाजी महाराज का अंतिम सैन्य अभियान था–
(अ) कर्नाटक अभियान
(ब) सलेहर का अभियान
(स) जंजीरा के सिद्धियों के विरुद्ध अभियान
(द) कोंडाणा का अभियान
उत्तर : (अ)

38. शिवाजी महाराज द्वारा वसूला जाने वाला कर 'सरदेशमुखी' राजस्व का कितने प्रतिशत होता था ?
(अ) 10% (ब) 25%
(स) 20% (द) 33%
उत्तर : (अ)

39. शिवाजी महाराज के समय में 'अष्टप्रधान' कहा जाता था–
(अ) आठ विद्वानों की सभा को
(ब) आठ सर्वाधिक बहादुर सैनिकों को, जो षिवाजी महाराज के अंगरक्षक होते थे
(स) आठ मंत्रियों की एक परिषद को
(द) शिवाजी महाराज के आठ महत्वपूर्ण सलाहकारों को
उत्तर : (स)

40. शिवाजी महाराज की भू–राजस्व व्यवस्था के संदर्भ में क्या सत्य है ?
(अ) शिवाजी महाराज ने रस्सी द्वारा माप के स्थान पर काठी एवं मानक छड़ी का प्रयोग का प्रचलन किया
(ब) भू–राजस्व (लगान) की दर आरंभ में कुल उपज का 33% थी, जो बाद में बढ़ाकर 40% कर दी गई
(स) शिवाजी महाराज ने जमींदारी व जागीरदारी का विरोध करते हुए रैय्यदवाड़ी व्यवस्था को अपनाया
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

41. 'चौथ' मुगल क्षेत्रों की भूमि एवं पड़ौसी राज्यों की आय का चौथा हिस्सा होता था। इस कर को किस वंश के शासकों ने वसूला ?
(अ) राजपूत वंश (ब) मराठा वंश
(स) सिक्ख वंश (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

42. मराठा काल में स्थायी घुड़सवार सेना कहलाती थी–
(अ) पागा (ब) बरगीर
(स) (अ) और (ब) दोनों (द) सिलहवार
उत्तर : (अ)

43. मराठा काल में अस्थायी घुड़सवार सेना कहलाती थी–
(अ) पागा (ब) बरगीर
(स) (अ) और (ब) दोनों (द) सिलहवार
उत्तर : (द)

44. मराठाकालीन घुड़सवार सेना में एक 'हवलदार' के अधीन कितने घुड़सवार होते थे ?
(अ) 25 (ब) 5
(स) 20 (द) 15
उत्तर : (अ)

45. मराठाकालीन पैदल सेना में एक 'नामक' के अधीन कितने पायक या पद सैनिक होते थे ?
(अ) 9 (ब) 3
(स) 15 (द) 25
उत्तर : (अ)

46. शिवाजी महाराज ने मजबूत नौसेना का गठन किया था। शिवाजी महाराज का सर्वप्रथम नौसैनिक बेड़ा कहाँ स्थापित था–
(अ) कोलाबा (ब) जंजीरा
(स) एलीफैन्टा (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

47. किसने 'प्रतिनिधि' पद का सृजन किया, जो पदक्रम में पेशवा से भी ऊपर था ?
(अ) शम्भाजी (ब) राजाराम
(स) ताराबाई (द) शाहू
उत्तर : (ब)

48. शिवाजी महाराज के बाद क्रमशः दूसरा छत्रपति एवं दूसरा पेशवा कौन बना ?
(अ) राजाराम एवं रामचन्द्र पंत
(ब) शाहू एवं धनाजी यादव
(स) शम्भाजी एवं कवि कलश
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

49. मुगलों एवं मराठों के बीच हुई 1719 ई. की संधि को रिचर्ड टेम्पल ने 'मराठा साम्राज्य का मैग्नाकार्टा' कहा है। यह संधि बालाजी विश्वनाथ एवं सैय्यद बंधुओं ने किसके नाम पर की ?
(अ) मराठा छत्रपति शाहू एवं मुगल बादशाह रफी–उद–रजात
(ब) मराठा छत्रपति राजाराम एवं मुगल बादशाह फर्रुखसियर
(स) मराठा छत्रपति ताराबाई एवं मुगल बादशाह औरंगजेब
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

50. किस मराठा शासक के शासनकाल को पेशवाओं के शासनकाल के नाम से जाना जाता है ?
(अ) राजाराम (ब) शिवाजी महाराज II
(स) शाहू (द) शम्भाजी
उत्तर : (स)

51. मराठा मण्डल या मराठा राज्य संघ की स्थापना किस पेशवा के समय में हुई ?
(अ) बालाजी विश्वनाथ (ब) बाजीराव I
(स) बालाजी बाजीराव (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

52. मराठा साम्राज्य की सबसे बहादुर महिला कौन थी ?
(अ) ताराबाई (ब) येसूबाई
(स) सईबाई (द) सोयराबाई
उत्तर : (अ)

53. किसे 'लड़ाकू पेशवा' और 'हिन्दू शक्ति का अवतार' कहा जाता था ?
(अ) बाजीराव I (ब) बालाजी विश्वनाथ
(स) बालाजी बाजीराव (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

54. निम्न में से किसने पुर्तगालियों से सालसेट एवं बेसीन के द्वीपों को छीना ?
(अ) बालाजी विश्वनाथ (ब) बाजीराव I
(स) बालाजी बाजीराव (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

55. किस पेशवा ने मुगल बादशाह मुहम्मदशाह रंगीला को मराठा शक्ति की एक झलक दिखाने के लिए 1737 ई. में दिल्ली पर आक्रमण किया और मुहम्मदशाह को मालवा की सूबेदारी पेशवा के नाम करने के लिए विवश किया ?
(अ) बाजीराव I (ब) बालाजी विश्वनाथ
(स) बालाजी बाजीराव (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

56. किसके समय में मराठा शक्ति अपने चरमोत्कर्ष पर पहुँची तथा साथ ही मराठा शक्ति का पतन भी आरंभ हुआ ?
(अ) बालाजी विश्वनाथ (ब) बाजीराव I
(स) बालाजी बाजीराव (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

57. पानीपत के तृतीय युद्ध में मारे जाने वाले दो महत्वपूर्ण सैन्य सरदार थे–
(अ) विश्वास राव एवं सदाशिव राव भाऊ
(ब) विश्वास राव एवं मल्हार राव होल्कर
(स) सदाशिव राव भाऊ एवं मल्हार राव होल्कर
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

58. किस मराठा सरदार ने 1758–59 ई. में पंजाब विजय किया ?
(अ) रघुजी भोंसले (ब) रघुनाथ राव
(स) मल्हार राव (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

59. किसने दिल्ली में मुगल बादशाह की सहायता के लिए रखे गये अपनी सेना का वेतन चुकाने के लिए दिल्ली के दीवान–ए–आम की छत से चाँदी निकलवा ली ?
(अ) सदाशिव राव भाऊ (ब) रघुनाथ राव
(स) मल्हार राव (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

60. शिवाजी महाराज के बाद किसने गुरिल्ला युद्ध का संचालन किया ?
(अ) बाजीराव प्रथम (ब) सदाशिव राव भाऊ
(स) बालाजी विश्वनाथ (द) बालाजी बाजीराव
उत्तर : (अ)

61. किस इतिहासकार ने कहा कि–''पानीपत का तृतीय युद्ध एक निर्णायक युद्ध था। मराठा सेना की मुकुटमणि वहीं गिर गई थी और इस युद्ध के पश्चात् मराठों के अखिल भारतीय साम्राज्य के स्वप्न नष्ट हो गये'' ?
(अ) जदुनाथ सरकार (ब) सरदेसाई
(स) काशीराज पण्डित (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

62. किस मराठा पेशवा को 'मैकियावेली' कहा जाता था ?
(अ) नाना फड़नवीस (ब) बाजीराव I
(स) बालाजी बाजीराव (द) बालाजी विश्वनाथ
उत्तर : (अ)

63. निम्न में से किसने पानीपत के तृतीय युद्ध में संगठित मराठा सेना का नेतृत्व किया ?
(अ) दत्तजी सिंधिया (ब) विश्वास राव
(स) सदाशिवराव भाऊ (द) मल्हार राव होल्कर
उत्तर : (स)

64. किसे 'अंतिम महान् पेशवा' कहा जाता है ?
(अ) माधवराव नारायण (ब) माधव राव
(स) नारायण राव (द) रघुनाथ राव
उत्तर : (ब)

65. किस पेशवा के अबोध होने के कारण मराठा राज्य की देख–रेख 'बड़ा भाई' नाम की 12 सदस्यों की एक परिषद् करती थी ?
(अ) माधव राव
(ब) माधवराव नारायण
(स) नारायण राव
(द) रघुनाथ राव
उत्तर : (ब)

66. वर्ष 1771 में दिल्ली की गद्दी पर शाह आलम I को पुनर्स्थापित करने वाला मराठा सरदार था–
(अ) महदाजी सिंधिया (ब) नाना फड़नवीस
(स) मल्हारराव होल्कर (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

67. किसके शासनकाल में प्रथम आंग्ल–मराठा युद्ध (1775–82) हुआ ?
(अ) माधवराव (ब) नारायण राव
(स) माधवराव नारायण (द) बाजीराव II
उत्तर : (स)

68. द्वितीय आंग्ल–मराठा युद्ध (1803–06) एवं तृतीय आंग्ल–मराठा युद्ध (1817–18) के समय मराठा पेशवा था–
(अ) नारायण राव (ब) माधवराव नारायण
(स) बाजीराव II (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

69. मराठा साम्राज्य का अंतिम पेशवा था–
(अ) माधवराव (ब) नारायण राव
(स) माधवराव नारायण (द) बाजीराव II
उत्तर : (द)

70. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (संधि का नाम)
A. सूरत की संधि
B. पुरंदर की संधि
C. बड़गांव की संधि
D. सालबाई की संधि
सूची–II (वर्ष)
1. 1775
2. 1776
3. 1779
4. 1782
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 4, D - 3
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

71. तृतीय आंग्ल–मराठा युद्ध (1817–18) के दौरान हुई सबसे अंतिम संधि थी–
(अ) नागपुर की संधि (ब) पूना की संधि
(स) मंदसौर की संधि (द) कानपुर की संधि
उत्तर : (द)

72. किस मराठा सरदार ने सेना का गठन यूरोपीय ढंग से किया ?
(अ) महदाजी सिंधिया (ब) रघुनाथ राव
(स) मल्हारराव होल्कर (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

73. मराठा सचिवालय कहलाता था–
(अ) फाद (ब) स्वराज
(स) मुघतई (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

74. किसने कहा है कि–''मराठों का उदय आकस्मिक अग्निकांड की भांति हुआ''?
(अ) ग्राण्ट डफ (ब) एम.जी. राणाई
(स) आंद्रेविक (द) जदुनाथ सरकार
उत्तर : (अ)

75. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (राज्य क्षेत्र)
A. बड़ौदा
B. इंदौर
C. नागपुर
D. ग्वालियर
सूची–II (संस्थापक)
1. गायकवाड़
2. होल्कर
3. भोंसले
4. सिंधिया
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 4, D - 3
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

76. 1775–82 के प्रथम आंग्ल–मराठा युद्ध का निम्नलिखित में कौन–सा एक परिणा था ?
(अ) ब्रिटिश युद्ध जीत गये
(ब) मराठा युद्ध जीत गये
(स) किसी भी पक्ष की जीत नहीं हुई
(द) इससे हैदर अली को शक्ति जुटाने में मदद मिली क्योंकि ब्रिटिश और मराठा आपसी युद्ध में लगे थे
उत्तर : (स) CDS 2011

77. औरंगजेब की मृत्यु के समय मराठा नेतृत्व किसके हाथों में था ?
(अ) शम्भाजी (ब) राजाराम
(स) जीजाबाई (द) ताराबाई
उत्तर : (द) UPPCS 2012

78. शिवाजी महाराज की मृत्यु के पश्चात् उत्तराधिकार के लिए किनके बीच लड़ाई हुई ?
(अ) शम्भाजी और शिवाजी महाराज की विधवा
(ब) शम्भाजी और बाजीराव
(स) राजाराम और शम्भाजी
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com